BYJU'S EXAM PREP

# Daily Current Affairs 22 June 2022



# Index

- भूकंप विज्ञान वेधशाला
- आर्थिक कार्य विभाग की क्षमता निर्माण पहल
- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला
- एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना
- नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड (नेटग्रिड)
- भारतीय नौसेना के कर्मियों को मर्चेंट नेवी में परिवर्तित करने के लिए समझौता ज्ञापन
- टाइप 1 मधुमेह
- वरिष्ठ राजनयिक रूचिरा कम्बोज

BYJU'S EXAM PREP

# Important News: National

## 1. भूकंप विज्ञान वेधशाला

**चर्चा में क्यों:**



- केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में भूकंप विज्ञान वेधशाला का उद्घाटन किया गया।

**प्रमुख बिंदु:**

- जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र, केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की पहल के तहत 153वां भूकंपीय स्टेशन स्थापित किया गया है।
- उधमपुर जिला दो भूकंपीय भ्रंश रेखाओं (फॉल्ट लाइंस) के बीच स्थित है इसीलिए यह वेधशाला भूकंप से संबंधित महत्वपूर्ण डेटा एकत्र करने के लिए महत्वपूर्ण है।
- भूकंप में प्राय: पृथ्वी की सतह और उस पर मौजूद संरचनाओं में कंपन शामिल होता है, तथा 'राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' के अनुसार, भूकंप प्राय: गतिमान लिथोस्फेरिक या क्रस्टल प्लेटों के बीच संचरित दबाव के मुक्त होने के कारण उत्पन्न होता है।
- राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र , पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत देश में भूकंप गतिविधि की निगरानी के लिये भारत सरकार की नोडल एजेंसी है जिसका उद्देश्य भूकंप के समय की सटीक भविष्यवाणी करने में सक्षम होना है।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## 2. आर्थिक कार्य विभाग की क्षमता निर्माण पहल

**चर्चा में क्यों:**



- आर्थिक कार्य विभाग द्वारा क्षमता निर्माण आयोग के सहयोग से क्षमता वृद्धि योजना तैयार की गयी है जिसका उद्देश्य समस्त मंत्रालयों, राज्य सरकारों और देश भर में अवसंरचना निष्पादन के विस्तारित परिवेश में संबंधित क्षमता को बढ़ाना है।

**प्रमुख बिंदु:**

- क्षमता निर्माण पहल के तहत ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही माध्यमों में प्रशिक्षण कार्यक्रम को शुरू किया गया हैं।
- आर्थिक कार्य विभाग की क्षमता निर्माण पहल के तहत 'सार्वजनिक-निजी भागीदारी' विषय पर 9वां 5 दिवसीय कार्यक्रम 20 जून 2022 को 37 प्रतिभागियों के साथ अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एजेएनआईएफएम) के साथ साझेदारी में फरीदाबाद स्थित इसके परिसर में शुरू किया गया है।
- क्षमता वृद्धि योजना के तहत प्रशिक्षण का उद्देश्य इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से अवसंरचना परियोजनाओं की योजना बनाने, कार्यान्वित करने और लागू करने में शामिल अधिकारियों की क्षमताओं का उन्नयन करना है।
- इस पहल के तहत शामिल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन, राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन, पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान जैसे प्रमुख अवसंरचना कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन के जरिए भारत के अवसंरचना विजन को साकार करने में आवश्यक सहायता प्रदान करने के लक्ष्य से तैयार किया गया है।

**स्रोत: पीआईबी**

## Important News: State

### 3. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला

**चर्चा में क्यों:**

- स्किल इंडिया द्वारा ओडिशा के 10 जिलों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला का आयोजन किया गया।



**प्रमुख बिंदु:**

- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेले के तहत रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु 36 से ज्यादा क्षेत्रों और 500 से अधिक ट्रेडों और 100 से अधिक कंपनियों द्वारा मेले में हिस्सा लिया गया।
- इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नियोक्ताओं को इन लक्षित जिलों से प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है तथा मजबूत कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से उनकी क्षमता का निर्माण करते हुए सही नौकरी की भूमिकाओं की पहचान करने में उनकी सहायता करना है।

- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेले के अंतर्गत उम्मीदवारों को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा, जो रोजगार में वृद्धि सुनिश्चित करेगा, जिससे उन्हें अपने संबंधित डोमेन में उद्यमी बनने का अवसर प्राप्त होगा।
- प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेलों में भाग लेने वाले संगठनों को एक समान मंच पर संभावित प्रशिक्षुओं से मिलने और उम्मीदवारों का चयन करने का अवसर प्रदान किया गया तथा साथ ही कम से कम चार कर्मचारियों वाले लघु उद्योगों को भी इस कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को नियुक्त करने का अवसर प्रदान किया गया हैं।

**स्रोत: लाइवमिंट**

### 4. एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना

**चर्चा में क्यों:**



- असम एक राष्ट्र एक राशन कार्ड (ओएनओआरसी) को लागू करने वाला देश का 36वां राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बन गया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना को सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सफलतापूर्वक लागू किया गया है, जिससे पूरे देश में खाद्य सुरक्षा क्रियान्वित हो गई है।
- खाद्य सुरक्षा की समस्या से निपटने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019 में 'एक राष्ट्र एक राशन कार्ड' (One Nation One Ration Card- ONORC) योजना की शुरुआत की गयी थी।
- एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना के तहत किसी लाभार्थी को उसका राशन कार्ड कहीं भी पंजीकृत होने से स्वतंत्र रखते हुए देश में कहीं भी अपने कोटे का खाद्यान्न प्राप्त कर सकने की सुविधा प्रदान करता है।
- एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना के तहत एक अन्य पहलू 'मेरा राशन' मोबाइल एप्लिकेशन है, जिसे एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना का अधिकतम लाभ उठाने के लिए शुरू किया गया है, वर्तमान में यह एप्लिकेशन 13 भाषाओं में उपलब्ध है।

**स्रोत: पीआईबी**

# Important News: Polity

## 5. नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड (नेटग्रिड)

**चर्चा में क्यों:**



- गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के कार्यकाल को कम कर दिया गया है तथा नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड को सीमा सुरक्षा बल में स्थानांतरित कर दिया है।

**प्रमुख बिंदु:**

- इस वर्ष, श्री आशीष गुप्ता को NATGRID के सीईओ के रूप में नियुक्त किया गया था, आशीष गुप्ता वर्ष 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।
- NATGRID एक ऑनलाइन डेटाबेस है जो दूरसंचार, कर रिकॉर्ड, बैंक, आप्रवास आदि के क्षेत्र में 20 से अधिक संगठनों से सूचनाओं को एकत्रित करने का कार्य करता है।
- नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड (नेटग्रिड) परियोजना को वर्ष 2009 में 26/11 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद शुरू की किया गया था।
- नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड का उद्देश्य केंद्रीय एजेंसियों जैसे आईबी, रॉ और अन्य के पास आतंकवाद विरोधी जांच के लिए एक सुरक्षित मंच पर डेटा तक पहुंच प्रदान करना है।

**स्रोत: द हिंदू**

# Important News: Defence

## 6. भारतीय नौसेना के कर्मियों को मर्चेंट नेवी में परिवर्तित करने के लिए समझौता ज्ञापन

**चर्चा में क्यों:**



- भारतीय नौसेना के कर्मियों को मर्चेंट नेवी में परिवर्तित करने के लिए नौवहन महानिदेशालय और भारतीय नौसेना के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए।

**प्रमुख बिंदु:**

- इस पहल का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त होने वाले भारतीय नौसेना के कर्मियों को लाभान्वित करना और उन्हें व्यापारिक जहाजों पर काम करने का अवसर प्रदान करना हैं।
- यह समझौता भारतीय नौसेना के कर्मियों को एनसीवी जहाज तथा विदेश जा रहे जहाजों के प्रमाणिकरण तक विभिन्न विकल्प प्रदान करता है।
- इस योजना के तहत भारतीय नौसेना के रेडियो अधिकारी मर्चेंट नेवी के जहाजों के सामान्य रेडियो ऑपरेटरों के रूप में योग्यता का प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा भारतीय नौसेना के डेक नाविक नौवहन निगरानी का हिस्सा बनते हुए मर्चेंट नेवी डेक रेटिंग में बदल सकते हैं।
- इस योजना का लक्ष्य भारतीय नौसेना द्वारा अपने अधिकारियों को दिए गए प्रशिक्षण की स्वीकृति और भारतीय नौसेना द्वारा जारी प्रमाण पत्र के आधार पर भारतीय नौसेना या मालवाहक जहाजों पर रेटिंग तथा समुद्री सेवा के अनुभव की परिकल्पना करना है।


**स्रोत: न्यूज़ ऑन एयर**

## Important News: Health

### 7. टाइप 1 मधुमेह

**चर्चा में क्यों:**

- भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (IMCR) द्वारा टाइप - 1 मधुमेह के निदान, उपचार और प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश जारी किया गया हैं, यह पहली बार है जब ICMR ने विशेष रूप से टाइप 1 मधुमेह के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं।



**प्रमुख बिंदु:**

- टाइप 1 मधुमेह एक ऐसी स्थिति है जहां अग्न्याशय पूरी तरह से इंसुलिन का उत्पादन करना बंद कर देता है तथा यह हार्मोन रक्त में ग्लूकोज के स्तर को नियंत्रित करने के लिए यकृत, वसा और शरीर की अन्य कोशिकाओं के अवशोषण को बढ़ा या घटा देता है।
- टाइप 1 मधुमेह, टाइप 2 मधुमेह के विपरीत है जहां शरीर का इंसुलिन उत्पादन या तो कम हो जाता है या कोशिकाएं इंसुलिन के लिए प्रतिरोधी बन जाती हैं।
- टाइप 1 मधुमेह मुख्य रूप से बच्चों और किशोरों में पाया जाता है।
- टाइप 1 मधुमेह टाइप 2 की तुलना में बहुत अधिक गंभीर है, टाइप 1 मधुमेह वाला व्यक्ति अपना इंसुलिन लेना बंद कर देता है, तो शरीर के शून्य इंसुलिन उत्पादन के रूप में वे जल्द ही मर जाते हैं।

स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया

## Important News: Personality

### 8. वरिष्ठ राजनयिक रूचिरा कम्बोज



- वरिष्ठ राजनयिक रुचिरा कम्बोज को संयुक्त राष्ट्र में भारत की अगली राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया है।
- रूचिरा कम्बोज, भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 1987 बैच की अधिकारी हैं तथा वर्तमान में भूटान में भारत की राजदूत के रूप में कार्यरत हैं तथा रुचिरा भूटान में भारत की पहली महिला राजदूत हैं।
- भूटान में राजदूत के पद से पूर्व रूचिरा कम्बोज, दक्षिण अफ्रीका में भारत की उच्चायुक्त और यूनेस्को में भारत की राजदूत या स्थायी प्रतिनिधि के तौर पर कार्य कर चुकी हैं।
- संयुक्त राष्ट्र में राजदूत के रूप में नियुक्ति के रूप में वह श्री टी.एस. तिरुमूर्ति का स्थान लेंगी।

स्रोत: न्यूज़ ऑन एयर